Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide stoppage of important trains in various stations in Rajsamand District of Rajasthan.

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द): अध्यक्ष महोदय, कोरोना महामारी के कारण पिछले लगभग दो सालों से रेलों का आवागमन काफी प्रभावित हुआ है । रेल मंत्रालय द्वारा स्थिति को सामान्य करने के लिए रेलों का संचालन पुनः शुरू किया गया है । मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद में भी इस दौरान कुछ विशेष रेलगाड़िया चलाई गई थीं, जिसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी और रेलवे डिपार्टमेंट के प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूं ।

अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में कई धार्मिक स्थल, पर्यटन स्थल और इंडस्ट्रियल क्षेत्र भी हैं । वहां बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है । वर्तमान में कुछ महत्वपूर्ण रेल गाड़ियों का संचालन पुनः प्रारंभ कर दिया गया है । परंतु मेरे संसदीय क्षेत्र के कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर उनका ठहराव नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में बहुत परेशानियां हो रही हैं । क्योंकि वे ट्रेन्स फिर से शुरू तो हो गई हैं, लेकिन पहले जहां उनका ठहराव था, वहां उन स्टेशनों पर ट्रेन्स का ठहराव नहीं हो पा रहा है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से मांग करना चाहती हूं कि सालासर सुपरफास्ट गाड़ी का रेलवे स्टेशन गोटन में, आला हजरत एक्सप्रेस का रेलवे स्टेशन सेंदड़ा में, जम्मूतवी-जैसेलमेर गाड़ी का रेलवे स्टेशन डेगाना में, बांद्रा-चंडीगढ़ गाड़ी का ब्यावर में, कालका एक्सप्रेस गाड़ी का गोटन में एवं सालासर सुपरफास्ट का रेलवे स्टेशन रेन में ठहराव हो ।

अत: मैं माननीय रेलवे मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि इन स्टेशन्स पर दोबारा इन ट्रेन्स का ठहराव किया जाए । मैंने पहले भी बहुत बार यह प्रस्ताव दिया था । इस विषय पर ध्यान देकर जल्द से जल्द इस पर कार्यवाही की जाए । आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

HON. SPEAKER: Shri Chandra Sekhar Sahu – not present.